(16)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे0 योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, बैरन बाजार, रायपुर 492001 / ☎ 0771–2427126**

## वित्त समिति का एजेण्डा

2020–2021

1. 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के वास्तविक आय व्यय के लेखे पर चर्चा/अनुमोदन।

2. 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के लिये प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक पर चर्चा/अनुमोदन।

3. कोविड 19 सत्र 2019–20 में ऑनलाईन एवं एक्जाम फ्राम होम के तहत अधिकारी/कर्मचारी को दिए गए पारिश्रमिक के व्यय पर चर्चा/अनुमोदन

4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय ।

अध्यक्ष वित्त समिति

# वित्त समिति बैठक 2020-21

आज दिनांक 4.9.2021 को स्वशासी प्रकोष्ठ में अपरान्ह 3.00 बजे स्वशासी वित्त समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में समिति के निम्न सदस्य उपस्थित रहे –

1. डॉ० अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य (पदेन अध्यक्ष) [signature] 04/09/21
2. डॉ० अनिल कुमार झा, सदस्य (शासी निकाय नामिनी) [signature]
3. डॉ० विनय अग्रवाल, प्राध्यापक (प्राचार्य नामिनी) [signature] 4/9/21
4. डॉ० पुष्पा कौशिक, स्वशासी नियंत्रक [signature] 04/9/21
5. डॉ० बी. डी० साहसी, सदस्य [signature]
6. डॉ० मोना जैन, सदस्य [signature] 4.9.2021
7. डॉ० हेमलाल साहू, सदस्य [signature]

आज की बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है –

1. सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन किया गया तत्पश्चात सर्वसम्मति से उसका अनुमोदन किया गया। आज की बैठक में निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा की गई।
2. एजेण्डा के प्रथम बिन्दु 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के वास्तविक आय व्यय के लेखे पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से उसका अनुमोदन किया गया।
3. एजेण्डा के द्वितीय बिन्दु 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के लिए प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक एवं आय लेखे पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से कुछ आवश्यक संशोधनों सहित यथावत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उदाहरणार्थ: i डी.बी.एम का परीक्षा शुल्क वर्तमान में 1165/- लिया जाता है, उस शुल्क में वृद्धि कर 1600/- किया गया। ii वर्तमान में पी.जी.डि.व डी.बी.एम में पंजीयन शुल्क 220/- नहीं लिया जा रहा था, उक्त पंजीयन शुल्क को सम्मिलित किया गया। बैठक में उक्त दोनों प्रस्ताव रखे गये और सर्वसम्मति से उसका अनुमोदन किया गया, जिसका उल्लेख वित्त समिति के लेखा में पृथक से किया गया है।
4. एजेण्डा का तृतीय बिन्दु व्यरनोत्तर पारिश्रमिक के व्यय के अनुमोदन से सम्बंधित है। कोविड 19 सत्र 2019-20 में ऑनलाईन एवं एकजाम फ्राम होम के तहत अधिकारी/कर्मचारी

(18)

को दिए गए पारिश्रमिक के व्यय को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

5. i अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय में प्राचार्य डॉ० अमिताभ बैनर्जी द्वारा जिन विभागों में शोध-केंद्र हैं- अंग्रेजी, गणित, समाजशास्त्र व वाणिज्य, उन शोध-केंद्रों में रिसर्च जर्नल्स मंगाये जाने का प्रस्ताव रखा गया। स्वशासी नियंत्रक डॉ० पुष्पा कौशिक द्वारा रिसर्च-जर्नल्स मँगाये जाने के लिए प्रत्येक शोध केंद्र के लिए 50000/- (पचास हजार मात्र) (कुल दो लाख) कुल 200000 आवंटन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

ii भृत्य आनंद पवार (भूगोल विभाग), जो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी है, उसका वेतन 10000 (दस हजार मात्र) स्वशासी मद से किए जाने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

बैठक के अंत में डॉ० पुष्पा कौशिक द्वारा धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया।

[signature] 4/9/21 [signature] 04/09/21 [signature] [signature] 04/09/21

[signature] [signature] 4.9.2021

(8)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे0 योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय,**
**बैरन बाजार, रायपुर 492001 / ☎ 0771–2427126**

---

**वित्त समिति का एजेण्डा**

2019–2020

1. 31 मार्च 2018 से मार्च 2019 के वास्तविक आय व्यय के लेखे पर चर्चा/अनुमोदन।

2. 01 अप्रैल 2020 से 30 मार्च 2021 के लिये प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक एवम् आय व्यय के लेखे पर चर्चा/अनुमोदन।

3. पारिश्रमिक दरों में आंशिक परिवर्तन।

4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय ।

11/02/2020

अध्यक्ष वित्त समिति

प्राचार्य
शास. जे. योगानंदम् छत्तीसगढ़ महाविद्या.
रायपुर (छ.ग.)

Vit. 2020

आज दिनांक 16.6.2020 को स्वशासी प्रकोष्ठ में अपरान्ह 12.00 बजे स्वशासी वित्त समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे–

1 डॉ० अमिताभ बैनर्जी प्राचार्य / पदेन अध्यक्ष
2 डॉ० अनिल कुमार झा सेवानिवृत्त प्राध्यापक सदस्य (शासन नामिनी) 5
3 डॉ० विजय अग्रवाल प्राध्यापक (प्राचार्य नामिनी)
4 डॉ० पुष्पा कौशिक नियंत्रक (स्वशासी प्रकोष्ठ)
5 डॉ० बी. डी. साहसी सदस्य
6 डॉ० मोना जैन सदस्य
7 डॉ० हेमलाल साहू सदस्य

आज की बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है:

1 सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन किया गया, तत्पश्चात सर्वसम्मति से उसका अनुमोदन किया गया। आज की बैठक में निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा की गयी।

2 एजेण्डा के प्रथम बिन्दु 1.4.18 से 31.3.19 के वास्तविक आय-व्यय के लेखे पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से उसका अनुमोदन किया गया।

3 एजेण्डा के द्वितीय बिन्दु 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के लिए प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक एवं आय लेखे पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से कुछ आवश्यक संशोधनों सहित यथावत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उदाहरणार्थ जिन विषयों में दो प्रायोगिक: भौतिक शास्त्र, रसायनशास्त्र, मानव विज्ञान व प्राणीशास्त्र स्नातकोत्तर स्तर पर प्रायोगिक शुल्क में वृद्धि प्रस्तावित, स्नातकोत्तर प्रति प्रायोगिक शुल्क (ATKT) 150/- प्रस्तावित एवं एम. एससी / एम. ए. मानव विज्ञान (field work) का 150/- शुल्क प्रवेश शुल्क के साथ ही लिया जाये, प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाये) जिसका उल्लेख वित्त समिति के लेखा में पृथक से किया गया है।

4 एजेण्डा के तृतीय बिन्दु पारिश्रमिक दरों के सम्बंध में

विचार विमर्श कर गत वर्ष की भांति प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के समान यथावत रखे जाने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। सिर्फ पुनर्मूल्यांकन की न्यूनतम पारिश्रमिक राशि में किंचित वृद्धि की गई जिसका उल्लेख वित्त समिति के लेखा में पृथक से किया गया है।

5 अध्यक्ष से अनुमति से अन्य विषय में कोविड 19 को देखते हुए अनिवार्य शुल्क में ही वृद्धि की गयी, अन्य शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव अगले सत्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए आगामी परीक्षा फार्म ऑनलाइन पद्धति से भरवाये जाये। ऑनलाइन परीक्षा फार्म के साथ लगने वाला बैंक शुल्क (नियमानुसार) छात्रों द्वारा वहन किया जायेगा।

शासन के निर्देशानुसार चतुर्थ सेमेस्टर को छोड़ कर अन्य सेमेस्टर की परीक्षायें नहीं होगी, इस कारण परीक्षा जुलाई 2020 हेतु अन्य सेमेस्टर परीक्षा में परिवर्तन का उल्लेख भी पृथक से किया गया।

अंत में डॉ. पुष्पा कौशिक मैडम द्वारा धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया।

[signatures] 16/6/2020 16/06/2020 16/06/2020

Date
Page

आज दिनांक 28/2/2019 को स्वशासी प्रकोष्ठ में दोपहर 12:00 बजे स्वशासी वित्त समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. सी०एल० देवांगन प्राचार्य/पदेन अध्यक्ष
2. डॉ अनिल कुमार झा सदस्य (शासी निकाय नामिनी)
3. डॉ विजय कुमार अग्रवाल प्राध्यापक (प्राचार्य नामिनी)
4. डॉ डी० के० वर्मा नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ
5. प्रो सी० एस० ओझा स० नियंत्रक (आमंत्रित सदस्य)
6. डा० वासुदेव साहसी सह नियंत्रक (आमंत्रित सदस्य)
7. डा० मीना जैन सह नियंत्रक (आमंत्रित सदस्य)

बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है।

1. पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन किया गया तत्पश्चात सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन किया गया। आज की बैठक में निर्धारित एजेंडा पर चर्चा की गई

2. एजेण्डा के प्रथम बिंदु 31 मार्च 2017 से मार्च 2018 के वास्तविक आय-व्यय के लेखे पर चर्चा की गयी और सर्व सम्मति से इसका अनुमोदन किया गया।

3. एजेण्डा क्रमांक 02 - 01 अप्रैल 2019 से 30 मार्च 2020 के लिये प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक एवं आय-व्यय के लेखे पर चर्चा की गई, एवं सर्वसम्मति से विस्तृत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया, जिसका उल्लेख वित्त समिति के लेखा में पृथक से उल्लेखित है।

4. पारिश्रमिक दरों में परिवर्तन - पारिश्रमिक दरों में परिवर्तन पर विमर्श कर पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा परिवर्तित दरों के अनुरूप करने की भी सर्वसम्मति से अनुशंसा की गई।

अन्त में डा० डी०के० वर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त किया गया।

28/2/19 28/2/19 28.02.19 28/2/19 28.2.19

1 to 12 pages (typed pages) ①

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे0 योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय,
बैरन बाजार, रायपुर 492001 / ☎ 0771–2427126

## वित्त समिति का एजेण्डा

1. 31 मार्च 2016 से मार्च 2017 के वास्तविक आय व्यय के लेखे पर चर्चा/अनुमोदन।

2. 01 अप्रैल 2017 से 30 मार्च 2018 के लिये प्रस्तावित शुल्क, पारिश्रमिक एवम् आय व्यय के लेखे पर चर्चा/अनुमोदन।

3. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय ।

PRINCIPAL,
Govt. J.Y. Chhattisgarh College,
RAIPUR. (C.G.)

अध्यक्ष वित्त समिति/प्राचार्य

आज दिनांक 06/03/2018 को साय: 3.00 बजे स्वशासी वित्त समिति की बैठक, स्वशासी कक्ष में आयोजित हुई जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा० सी०एल० देवांगन जी द्वारा किया गया।

उपस्थित सदस्य गण।

1. डॉ. अजित कुमार झा
2. डॉ. विजय कुमार अग्रवाल
3. डॉ. डी. के. वर्मा
4. डॉ. सी० एस० ओझा
5. डॉ. व्ही० डी० साहसी

बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिए गये।
सर्वप्रथम विगत वर्ष मे लिए गये निर्णयों का वाचन किया गया तथा सर्वसम्मति से उसकी पुष्टि की गई। इसके बाद एजेण्डा पर बिन्दुवार चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गये।

1. एजेण्डा क्रमांक (1) -
   निर्णय : चर्चा उपरान्त अनुमोदित
2. एजेण्डा क्रमांक (2)
   1. आय/व्यय के लेखे को अनुमोदित किया गया।
   2. शुल्क पारिश्रमिक की प्रचलित दरों में निम्नानुसार संशोधन सहित स्वीकृत किया गया।
      (a) पृष्ठ क्रमांक 5 मे शुल्क मे परिवर्तन किया गया।
      (b) पृष्ठ क्रमांक 7 में पारिश्रमिक में परिवर्तन किया गया।
      (c) पृष्ठ क्रमांक (8) मे परीक्षा प्रक्रिया शुल्क विवरण मे परिवर्तन किया गया।
      (d) पृष्ठ क्रमांक (11) में कम्प्यूटर आपरेटर्स के दैनिक भुगतान मे वृद्धि की गई।

विस्तृत निर्णय रजिस्टर मे चस्पा है।

6/3/18 6/3/18 6/3/18 6/3/18 06.03.18